हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .1 डिग्री


11 सीता हरण का दृश्य देख पंडाल से लगे जय श्री राम के नारे





12 पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज की टीम विजेता




*हांसी में समाधान शिविर की जमीनी हकीकत*

# लापता अधिकारियों की राह ताकते रहे फरियादी, खाली हाथ लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को गुरुवार को सरकार के निर्देशानुसार जनता की सुविधा के लिए लगाए जाने वाले समाधान शिविर में अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। क्योंकि अधिकारी अक्सर इन शिविरों से नदारद रहते हैं, जिससे आम जनता अपनी शिकायतें दर्ज करवाने और समस्याओं का समाधान पाने के लिए भटकने को मजबूर हैं। उपमंडल को आयोजित समाधान शिविर में भी यही स्थिति देखने को मिली। शिविर में आए ढाणा खुर्द निवासी रामभगत ने बताया कि वह अपनी समस्या लेकर शिविर में दूसरी बार आया है, लेकिन आज भी उन्हें फिर से खाली हाथ लौटना पड़ा। गांव ढाणा खुर्द के ही संदीप भी अपनी समस्या का समाधान करवाने के लिए शिविर में आए थे, लेकिन सुनवाई के लिए कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। जिसके चलते उन्हें वापस लौटना पड़ा है। शिविर में आए गांव सिसाय के सुरेश कुमार ने बताया कि वह पिछले 10 महीने से अपनी जमीन की गिरदावरी में नाम दर्ज करवाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन उन्हें हर बार अगले शिविर में आने को कह दिया जाता है और परिणाम अभी भी शून्य है।

## जमीन की गिरदावरी में नाम दर्ज करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे सिसाय के रमेश

### हस्ताक्षरों का इंतजार

लघु सचिवालय में प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए भी भारी संख्या में लोग अधिकारियों का इंतजार करते रहे। अधिकारियों के दफ्तरों में न पहुंचने से निराश होकर वापस लौटने को मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि सरकार के समाधान शिविर अधिकारियों की मनमानी से जमीनी स्तर पर पूरी तरह से फेल साबित हो रहे हैं।





समाधान शिविर से गायब अधिकारी व इंतजार करते फरियादी





तहसील में विधायक का इंतजार करते अधिकारी

### अतिथि सत्कार में व्यस्त

मुख्यमंत्री ने सोमवार को बावैन से पेपर लैस रजिस्ट्री सिस्टम लांच किया था। हांसी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाणा को पहुंचना था। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक का अतिथि सत्कार करने में मशगूल हुए अधिकारी समाधान शिविर में पहुंचे फरियादियों को ही भूल गए। जिससे फरियादियों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

## खबर संक्षेप

### महिला 12.49 ग्राम हेरोइन के साथ काबू



**हिसार।** पुलिस ने गांव पीरावली से 12.49 ग्राम हेरोइन सहित एक महिला को गिरफ्तार किया है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर महिला को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम पीरांवाली निवासी हरप्रीत बताया। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा तलाशी लेने पर हरप्रीत के कब्जे से एक पॉलिथीन में 12.49 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। महिला के खिलाफ केस दर्ज किया व कोर्ट ने जेल भेज दिया।

### मोबाइल चोरी का आरोपी काबू, मोबाइल बरामद

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने आधार अस्पताल से मोबाइल फोन चोरी के आरोपी भट्टू निवासी शेखर उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। एचसी कपिल ने बताया कि सेक्टर 14 निवासी संदीप वर्मा ने 23 सितंबर को आधार अस्पताल से मोबाइल फोन चोरी की शिकायत दी थी।

### 76. 90 किलो डोडा पोस्त तस्कर चित्तौड़गढ़ से काबू



**हिसार।** पुलिस ने 76 किलो 90 ग्राम डोडा पोस्त के मुख्य सप्लायर को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से गिरफ्तार किया है। एसआई जनक ने बताया कि 24 अप्रैल को हाइवे पर ट्रक से 76.90 किलो डोडा पोस्त के साथ टोकस ढाणी निवासी आजाद उर्फ बिल्लू व जम्मू कश्मीर के कठुआ के तेवता के केवल कुमार को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि डोडा पोस्त राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के सारंगपुरा निवासी देवीलाल से खरीदा था। जिसे दपुलिस ने गांव सारंगपुरा से काबू किया।

## अवैध प्लाटिंग पर सीएम फ्लाइंग व डीटीवी विभाग की कार्रवाई

# हिसार-हांसी में तीन अवैध कॉलोनियों का मांगा रिकार्ड

जिले में नियमों को दरकिनार कर काटे जा रहे सैकड़ों प्लॉट, जांच के लिए मौके पर पहुंची टीम, प्रॉपर्टी डीलरों व कॉलोनाइजर में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में अवैध कॉलोनियों के निर्माण के चलते सीएम फ्लाइंग टीम जिला नगर एवं योजनाकार (डीटीपी) विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर हिसार और हांसी में तीन जगहों पर जांच करने पहुंची। टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों का गहन निरीक्षण किया और संबंधित विभाग से पूरा रिकॉर्ड मांगा है। जांच टीम में सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना तथा उनके साथ डीटीपी कार्यालय से फील्ड ऑफिसर सपना, दीपक शर्मा, एएसआई सुरेंद्र और एचसी विजय मौजूद रहे।



हिसार और हांसी में कॉलोनियों की मौके पर जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम व जिला नगर एवं योजनाकार विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि।

### हांसी में 2 कॉलोनी की जांच करने पहुंची टीम

जांच टीम सबसे पहले हांसी पहुंची, जहां एक कॉलोनी कई एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक यहां सैंकड़ो रिहायशी और व्यावसायिक प्लॉट काटे जा चुके हैं। कॉलोनाइजरों ने न तो सरकार से सीएलयू लिया है और न ही नियम-कायदों का पालन किया है।

इसके बाद टीम ने हांसी में ही दूसरी कॉलोनी में निरीक्षण किया, जो कई एकड़ जमीन पर बनाई जा रही है। यहां भी काफी प्लॉट काटे जाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि यहां भी कॉलोनाइजरों ने सरकारी नियमों को दरकिनार कर अवैध निर्माण किया है।

### नियमति रूप से मिल रही थी शिकायतें

जैसे ही सीएम फ्लाइंग टीम की कार्रवाई की खबर फैली, हिसार और हांसी क्षेत्र में सक्रिय कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि जिले में लगातार अवैध कॉलोनियां काटे जाने की शिकायतें सरकार और प्रशासन को मिल रही थी।

### रिपोर्ट आगे भेजेंगे

तीनों कॉलोनियों की जांच के बाद सीएम फ्लाइंग टीम ने डीटीपी विभाग से रिकॉर्ड मांगा है। विभाग से यह जानकारी ली जाएगी कि अब तक इन कॉलोनियों को लेकर कौन-कौन सी कार्रवाई हुई है और अवैध निर्माण रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। इसके आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### सरकार सख्त

हरियाणा सरकार ने अवैध कॉलोनी निर्माण पर सख्त निर्देश जारी कर रखे हैं। सरकार ने साफ किया है कि बिना सीएलयू और निर्धारित नियमों का पालन किए कोई भी कॉलोनी विकसित करने पर कॉलोनाइजरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### टीम ने हिसार में एक कॉलोनी की जांच की

जांच टीम फिर हिसार शहर के कैमरी रोड स्थित एक कॉलोनी में पहुंची। बताया जा रहा है कि यह कॉलोनी भी कई एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही है और सैंकडों प्लॉट काटे जा चुके हैं। यहां भी कॉलोनाइजरों पर सीएलयू और अन्य जरूरी अनुमतियां न लेने का आरोप है।

## हांसी के तीन वार्डों में चलाया विशेष सर्च अभियान

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने नशा तस्करी रोकने व नशीले पदार्थों की बरामदगी के लिए शहर के तीन वार्डों में डॉग स्क्वायड के साथ विशेष सर्च अभियान चलाया। पुलिस द्वारा सोमवार प्रातःकाल 5 बजे से 8 बजे तक वार्ड नंबर. 25, 26 व 27 में डॉग स्क्वाड टीम की सहायता से व्यापक सर्च ऑपरेशन किया। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों, गली-मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थानों पर गहन जांच कर तलाशी ली।



# नशे के खिलाफ अभियान चलाएगी काजला खाप

■ खाप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रीय काजला खाप ने नस्ल बचाने के लिए नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाने का निर्णय लिया है। खाप ने अपने सभी काजला बंधुओं से अपील की है कि नशे के आदी लोगों को योग से जोड़ें और नशा बचने वालों का पर्दाफाश करें।

सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन रामपाल काजला की अध्यक्षता में हुई खाफ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय काजला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय संरक्षक धर्मवीर काजला, महेंद्र काजला व दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा व यूपी के पदाधिकारियों ने भाग लिया।


राष्ट्रीय प्रवक्ता महेंद्र काजला ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन तुरंत किया जाए। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। खाप का अगला राष्ट्रीय भाईचारा सम्मेलन मार्च 2026 के प्रथम रविवार को करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर केंद्र व राज्य सरकारों से मांग की गई कि वो सम गोत्र व समगांव में विवाह को कानून प्रतिबंधित करें, ताकि समाज में भाईचारा व सौहार्द बना रहे। बैठक में मृत्युभोज को बंद करें और बच्चें की शिक्षा पर ध्यान देने का निर्णय लिया।

### ये हुए शामिल

बैठक में राजमल काजल, मान सिंह, रतन सिंह, सूबेदार रोहीताश, मांगेराम, कृष्ण काजला, राजबीर काजल, राजबीर वकील, जयबीर वकील, रणबीर निडाना, दिलबाग निडाना, मनोज सोलधा, नर सिंह सोलधा, प्रेम फ्रांसी, राज सिंह दिल्ली, जयदीप नारनौंद, रणबीर नारनौंद, बीर सिंह लुदास, अशोक निडाना, सुधीर दिल्ली, निशांत दिल्ली, विवेक मेरठ, नरेश सीकर, नरेश राजस्थान, ईश्वर सिंह शीशवाला व अन्य ने भी अपने विचार रखे।

# तीन माह पहले लव मैरिज करने वाली युवती ने खाया कीटनाशक

■ राजस्थान के छान बड़ी निवासी कविता ने हांसी के अंकित से की थी शादी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लगभग तीन माह पहले लव मैरिज करने वाली एक युवती ने बरवाला रोड स्थित पुल के पास जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों से अग्रोहा रैफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि राजस्थान के छानी बड़ी निवासी कविता ने लगभग तीन माह पहले ही धांन्सू गांव निवासी अंकित से लव मैरिज की थी। कुछ समय बाद दोनों में अनबन रहने लगी। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले ही कविता ने पुलिस अधीक्षक को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें अंकित पर कई आरोप लगाए गए थे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से कविता की शिकायत महिला थाना में रैफर करने की बात कही गई तो कविता ने कहा कि वह सोमवार 29 सितंबर को महिला थाना पहुंच जाएगी। बताया जा रहा है कि निश्चित दिन व समय के अनुसार कविता महिला थाना में जाने के लिए आई थी लेकिन थाना में पहुंचने से पहले ही उसने थोड़ी दूरी पर स्थित पुल के पास कोई जहरीला पदार्थ खा लिया।

### पड़ोसियों ने दी सूचना

युवती द्वारा कीटनाशक खाने का पता चलते ही पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया और उसे संभाला। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे अग्रोहा मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती की हालत गंभीर बनी हुई है। अब यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि कविता ने अपनी शिकायत में क्या कहा था और ऐसा क्या हुआ कि उसने महिला थाना पहुंचने से पहले ही जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

## लोक निर्माण विभाग ने वाहनों के लिए रास्ता करवाया दुरुस्त

■ खराब रास्ते से हो रही थी परेशानी

**उकलाना।** सिरसा–चंडीगढ़ राज्य मार्ग पर बन रहे ओवरब्रिज के कारण लंबे समय से रास्ता खराब पड़ा हुआ था। इसी दौरान बरसाती नाले का निर्माण भी उसी मार्ग पर किया जा रहा है। जिससे स्थिति और अधिक खराब हो गई थी। बीते दिन एक बस इसी गड्ढे.में फंस गई, जिसके चलते यात्रियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बाद लोक निर्माण विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रास्ते को दुरुस्त करवाने का कार्य शुरू किया। फिलहाल वाहनों की आवाजाही के लिए मार्ग को ठीक दिया गया है। जिससे अब वाहन चालकों की परेशानी कम होगी।

# मेयर बोले, श्रमिक समाज, देश की रीढ़, श्रमिक साथी एप किया लॉच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय में आयोजित श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह में मेयर प्रवीण पोपली ने श्रम कानूनों और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह के दौरान श्रमिकों के लिए श्रमिक साथी ऐप लॉन्च किया। इसके साथ ही ऑटो अप्रूवल सिस्टम तथा कैंटीन यूपीआई पेमेंट सिस्टम की भी शुरुआत की गई।

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि श्रमिक समाज देश की रीढ़ हैं। यदि श्रमिक न हों तो विकास की गति ठहर जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ सभी श्रमिकों तक पहुंचे, इसके लिए जागरूकता सबसे जरूरी है। समाज में श्रमिकों को उनका अधिकार व सम्मान दिलाना हर नागरिक का कर्तव्य है। समारोह में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण, दुर्घटना बीमा, पेंशन व स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कृष्णा सरसाना, संजीव रेवड़ी, पार्षद ओपी मालिया, डॉ. अशोक नैन, डॉ. रविंद्र मलिक, जयवीर सैनी सहित श्रम विभाग के कर्मचारी व बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

### सरकार श्रमिकों के साथ

भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। श्रमिक ही संसार का मुख्य आधार हैं, इसलिए उनके कल्याण के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

# प्रत्येक व्यक्ति के लिए खाद्य व पोषण सुरक्षा देना करना हमारी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि सभागार में कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 का शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने उद्घाटन किया। कार्यशाला में विवि के वैज्ञानिक तथा प्रदेश के कृषि और किसान कल्याण विभाग के सभी जिलों से कृषि अधिकारी भाग ले रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धुरी है। आजादी के पश्चात देश के खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई जिसका श्रेय देश के किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और नीति निर्धारकों को जाता है। देश के नागरिकों के लिए खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा निरन्तर शोध कार्यों, उन्नत किस्मों के बीजों, नवीनतम तकनीकों, नवाचारों तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को अनाज उत्पादन में बढ़ोतरी एवं अपनी आय में वृद्धि करने के लिए परम्परागत फसलों के साथ-साथ तिलहनी एवं दलहनी फसलों को प्राथमिकता दें।





### किसानों को जागरूक करें

उन्होंने अधिकारियों व वैज्ञानिकों को किसानों को रबी सीजन के लिए गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलों के उन्नत किस्मों के बीजों बारे में जागरूक करें, ताकि अच्छी पैदावार लें सकें। विवि ने अधिक पैदावार देने वाली डब्ल्यूएच 1270, 1402 व 1309 तथा सरसों की आरएच 1975, 725, 1424 व 1706 किस्म की जानकारी दी। हकृवि एक पुस्तिका का विमोचन भी किया।

### शोधों के बारे में बताया

विश्वविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल और अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग विवि की नवीनतम तकनीकों पर चल रहे शोधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि निदेशक डॉ. आरएस सोलंकी ने किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. एसके पाहुजा व डॉ. सुनील ढांडा व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## प्रदेश के मंत्री जी की कॉलोनी का हाल बेहाल, क्षेत्रवासी परेशान

# 6 साल बाद भी नहीं बनी सड़क, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

शहर के नए बस स्टेंड के सामने स्थित मॉडल टाउन कॉलोनी वासियों की बैठक दयानंद पब्लिक स्कूल में हुई। इसकी अध्यक्षता एनआरएम ट्रस्ट के प्रधान सत्यवान कुंडू ने की। बैठक में इन कॉलोनीवासियों द्वारा कॉलोनी समेत आसपास क्षेत्र की पक्की सड़कें न बनने को लेकर रोष प्रकट किया गया। यह कॉलोनी एप्रूव्ड है और सीवरेज पाइप लाइन को भी बिछाए हुए 6 वर्षों का लंबा अरसा बीत चुका है परंतु अभी तक इस कॉलोनी में कोई भी पक्की सड़क नहीं बनाई गई है। मास्टर धर्मपाल व सुनील बूरा ने बताया कि बरवाला शहर के नए बस स्टैंड के सामने न्यू ककड़ मार्केट, सरस्वती कॉलोनी, मॉडल टाउन व ताज कॉलोनी की सड़कों की हालात बहुत दयनीय है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में छह साल पहले सीवरेज की पाइप लाइन बिछाई गई थी। लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा सड़के नहीं बनाई गई है। इसके कारण इन कॉलोनियों में गलियों की हालत बहुत खराब है। यहां पर बडे बड़े गड्ढे बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर चार लाइब्रेरी, पांच अस्पताल, कई एजुकेशन एकेडमी, वृद्धाश्रम, दो जिम, कंप्यूटर सेंटर भी बना हुआ है। इनमें हजारों विद्यार्थियों व व्यक्तियों का आवागमन होता रहता है। लेकिन गलियों की हालत खराब होने के कारण इन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दो महीने पहले बरवाला की छह कॉलोनियों के कई करोड़ रुपये जारी हुए हैं और इनमें एक दो कॉलोनी ऐसी हैं जिसमें एक भी मकान नहीं बना हुआ है और इस कॉलोनी की भी एक करोड़ से भी ज्यादा राशि जारी हो गई है। दूसरी तरफ नए बस स्टैंड के सामने मॉडल टाउन जो कि 80 प्रतिशत आबाद है और उसकी सड़कों के लिए कोई भी ग्रांट जारी नहीं हुई है जिसके कारण लोगों में बहुत रोष पनप रहा है।



### मंत्री व चेयरमैन से मिले, नहीं बनी बात

कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश सोनी व सतीश कुमार ने बताया कि कई बार कॉलोनी वासी कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरीवाला से भी मिल चुके हैं और मंत्री के आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई सड़क नहीं बनाई गई है।

### मंत्री व प्रशासन से जल्द सड़क बनाने की मांग


दयानंद स्कूल के डायरेक्टर सत्यवान कुंडू ने कहा कि यहां पर सड़क की हालत इतनी बुरी है कि बरसात के मौसम में स्कूल की बसें भी नहीं जा सकती और ज्यादा बारिश के दिन स्कूल की छुट्टी करनी पड़ती है। उन्होंने केबिनेट मंत्री व प्रशासन से अपील की है कि यहां पर जल्द से जल्द सड़क बनवाई जाए ताकि कॉलोनीवासियों समेत वाहन चालकों व राहगीरों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। साथ ही तुलसी कालोनी , बाला जी, किसान टू व थ्री, मधुबन कालोनी, विकास, ऑटो मार्केट में भी सभी प्रकार की सुविधाएं देने की मांग की है। इस मौके पर सत्यवान कुंडू, मास्टर धर्मपाल, सुनील बूरा, डॉ. कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश सोनी, सतीश, डॉ. नवीन, ईश्वर मिस्त्री, मास्टर हरदेवा, धोला बैनीवाल, संदीप भनवाला, सुभाष, जगदीश, संदीप बिसला, मंजीत व धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।





विशेष: विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



# समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भाव:** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेश:** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।

**स्त्रियों का साथ दे समाज:** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।



## सम्मान और मर्यादित बर्ताव

**रावण के** अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।




# बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।

परवरिश


सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएं:** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।

**दशहरे का मतलब समझाएं:** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।



**बुराइयां खत्म करने के तरीके:** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।

फिटनेस फंडा

सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।

# जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस

मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।

**फिटनेस है जरूरी:** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियल:** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।



**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरी:** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।



**डाइट प्लान:** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।


**वर्कआउट शेड्यूल:** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलो:** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिट:** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यास:** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।



**सफेद बाल:** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

# परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।

**अपनों के साथ को तरसते:** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।



**बदलती जीवनशैली का प्रभाव:** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरण:** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्व:** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

## समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

**खबर संक्षेप**

### 8.53 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने टास्क पूरा करने के नाम पर 8,53,000 रुपये की धोखाधड़ी मामले में आरोपी हाजी निवासी गिर सोमनाथ गुजरात को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम हांसी में तैनात एएसआई प्रेम ने बतलाया कि आरोपी ने गत दिनों पहले हांसी सेक्टर 6 निवासी संदीप के व्हाट्सएप पर लिंक भेज कर टास्क पूरा करने के नाम पर 8,53,000 रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति की दी प्रेरणा

**हिसार।** गुरु गोरखनाथ कॉलेज में एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने समाज को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करने के उद्देश्य से जवाहर नगर में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसमें युवाओं और आम जनता को नशे की लत से दूर रखने और एक नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि पहुंचे।

### चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का स्वागत

**उकलाना।** नवनियुक्त मार्केट कमेटी के चेयरमैन इंद्र सिंह ओला एवं वाइस चेयरमैन आनंद जैन का पूर्व पार्षद वासुदेव शर्मा के आवास पर स्वागत किया। इंद्र सिंह ओला ने कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। व्यापारियों के साथ तालमेल बनाकर आगे बढ़ा बढेंगे। इस मौके डॉ. मांगेराम दिनोदिया, लाला शर्मा, धर्मपाल शर्मा, मनोज शर्मा, राजेंद्र नारंग, प्रेम भाटिया मौजूद रहे।

### भ्रमण से विद्यार्थियों का होता है बौद्धिक विकास

**हिसार।** आईटीआई हिसार की ओर से विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थल गुजरी महल का भ्रमण करवाया गया। अनुदेशक अनूप, परविंदर, तेज प्रकाश, विजयपाल, सतीश, गौरव, अमित जांगड़ा और मुकेश लावट ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी। प्राचार्या प्रेम किरण ने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक व मानसिक विकास में सहायक होता है।

### भगत सिंह चौक पर सेमीनार का आयोजन

**बरवाला।** गांव ढाड में शहीद भगत सिंह चौक पर भारत की जनवादी नौजवान सभा द्वारा एक सेमिनार रखा गया। जिसमें युवा साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसका संचालन अक्षय बूरा ढाड़ ने किया। राज्य प्रधान मुकेश कुमार व सरदानंद राजली ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद भगत सिंह एक विचार हैं जो समाजवादी समाज की स्थापना के लिए मजदूर किसान का राज आए। इस मौके पर रोहतास राजली, अक्षय मेहला, सत्यदीप बधावड़, बनी सिंह लाम्बा, जितेंद्र बूरा, छात्र नेता सुखदेव बूरा, अजय ढाड, गुलशन सरोहा, मोनू बूरा मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान के तहत की सफाई

**हांसी।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्थानीय राम सिंह कॉलोनी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 142 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। मरीजों को दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। शिविर में 3 पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए और 77 लोगों ने एक्स-रे करवाएं।

### राम सिंह कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर

**हिसार।** मानव उत्थान सेवा समिति व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज, विभु महाराज के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के तहत दो दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। कैमरी रोड स्थित समिति की इकाई द्वारा कैमरी रोड के दोनों तरफ की सफाई करने का कार्यक्रम किया गया। प्रभारी महात्मा गौरा बाई व चन्द्र ज्योति बाई ने अगुवाई की।

## सीता हरण और सुग्रीव मित्रता के प्रसंग का शानदार मंचन

# सीता के हरण का दृश्य देख जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा पंडाल

**जिले में अलग अलग स्थानों पर रामलीला के अलग अलग दृश्यों की दी प्रस्तुतियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला और स्वामी देवेन्द्र बृजवासी महाराज, वृन्दावन धाम, मथुरा के तत्वाधान में सातवें दिन मंचन में कलाकारों ने सीता हरण और सुग्रीव मित्रता प्रसंग का मंचन किया गया। वार्ड 13 से नगर पार्षद संजय डालमिया व पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार (राजू) व विरेन्द्र जोशी द्वारा रामलीला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति के संरक्षक महेंद्र बडोला, मुकेश रावत, जगतराम (जोकर), उपेंद्र शर्मा, अनिल भट्ट, गजेंद्र गुसाईं, पीतांबर दत्त पांडे, अनुसूया प्रसाद, हीरोसिंह रावत, नवीन बडोला, समेत अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

मंचन में कलाकारों द्वारा दिखाया गया कि मंचन में सूर्पणखा के विवाह प्रस्ताव को राम ने विनम्रता से अस्वीकार कर दिया। उसके दुष्ट आचरण से व्यथित लक्ष्मण ने उसकी नाक काट देना, अपमानित शूर्पणखा ने अपने भाइयों खर-दूषण को बुलाया, लेकिन युद्ध में राम ने उनका वध कर दिया।

इसके बाद शूर्पणखा रावण के पास पहुंची और सीता के अपहरण की योजना बनी, मंचन में मारीच के स्वर्ण मृग का रूप धरने, राम के उसका पीछा करने और लक्ष्मण द्वारा कुटिया से बाहर जाने के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया, साधु वेश में आए रावण द्वारा सीता हरण का दृश्य देखते ही पूरा मैदान /"जय श्रीराम/" के उद्घोष से गूंज उठा। दूसरी और मंचन में सीता हरण पर राम का विलाप, सीता की खोज करते हुए राम-लक्ष्मण का हनुमान से मिलना व हनुमान जी का उन्हें सुग्रीव के पास लाकर दोनों की मित्रता होना जैसे दृश्यों ने दर्शकों का काफी ज्ञान बढ़ाया। सुग्रीव का राम लक्ष्मण को सीता जी के जेवर दिखाना व लक्ष्मण का केवल उनके पैर के जेवर को पहचानना दर्शकों को एक संदेश देकर गया जिसका दर्शकों ने तालियां बजाकर सम्मान किया। वहीं सीता हरण पर व जेवरों को देख कर राम के विलाप ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। रामलीला समिति के प्रधान मुकेश रावत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रावण की लंका कारीगर द्वारा तैयार करवाई जा रही है जिसकी चौड़ाई पहले से बड़ाकर 60 फुट और लम्बाई 16 फुट होगी जिसमें विभिन्न प्रकार की मन-मोहक रंग-भिरंगी लाइटिंग और शब्बीर आतिशबाजी, बुलंदशहर द्वारा मनमोहक रंग-भिरंगी आतिशबाजी और गुम्बद पर चलने वाली फुलझड़ी लगाई जाएंगी।



हिसार । मुलतानी चौक पार्क में आरती करते समाजसेवी टेकचंद पाहुजा।

## मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर दिखाया भरत मिलाप का दृश्य

**हिसार।** नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर चल रही रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी टेकचंद पाहुजा ने राम दरबार में आरती करके किया। सभा की ओर से उन्हें पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने किया। छठे दिन की लीला में दशरथ मरण व भरत मिलाप का प्रसंग दिखाया गया। भाई-भाई के बीच अटूट प्रेम देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। श्रीराम के वनवास जाने पर अपने लाडले श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ प्राण त्याग देते हैं। भरत अपने भ्राता से मिलने के लिए वन की ओर चल पड़ते हैं। काफी दौड़-धूप करने के बाद उनकी श्रीराम से मुलाकात होती है। भरत द्वारा श्रीराम के पांव पर गिरने और काफी मिन्नतें करने पर भी श्रीराम वापिस अयोध्या चलने के लिए मना कर देते हैं। दोनों भाइयों के बीच दिल को छू लेने वाली वार्ता के बाद भरत वापिस चलते समय श्रीराम के खड़ाऊं लेकर चल पड़ते हैं और साथ ही श्रीराम को कहते हैं कि जब तक आप अयोध्या नहीं आओगे, आपकी राजगद्दी पर ये खड़ाऊं रहेंगी। सैंकड़ों लोगों ने लीला का आनंद लिया। मंच संचालन सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने किया। इस अवसर पर महेन्द्र टुटेजा, राजकुमार बजाज, हरबंस मदान, शुभम वलेचा, रवि आहुजा, सुभाष कक्कड़, बंसीलाल पठनेजा आदि भी उपस्थित रहे।

**भाइयों में अटूट प्रेम देखकर कई आंखें हुई नम**

**लोहारी राघो रामलीला में सीता हरण का जीवंत मंचन**

## गुस्से में दिखे रावण के दृश्य ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद । लोहारी राघो रामलीला में सीता का हरण कर ले जाता रावण।

लोहारी राघो में श्री रामा रामलीला कल्ब के बैनर तले चल रही ऐतिहासिक रामलीला में रविवार को आयोजित सीता हरण के जीवंत मंचन से श्रद्धालुओं से खचाखच भरा पंडाल रावण की गर्जना से गूंज उठा। रावण का अभिनय कर रहे विक्रम चावला के धमाकेदार अंदाज ने इस कद्र धमाल मचाया कि एक तरफ तो आसमां गर्जना से कांप रहा था, दूसरी तरफ दर्शकों से खचाखच भरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा था। मंचन के दौरान रावण के मदिरापान करते हुए बहन शूर्पणखा के आ जाने पर गुस्से में गिलास तोड़ने वाले सीन ने पूरी रामलीला में सबसे ज्यादा तालियां बटोरी। दृश्य के दौरान पूरे पंडाल में कुछ समय के लिए मानो सन्नाटा पसर चुका था। हर कोई रोमांचित होकर तालियां पर तालियां बजा रहा था। इस अवसर पर श्री रामा कल्ब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना ने कलाकारों की हौसला आफ्जाई करते हुए उनकी मेहनत की सराहना की।

**रामा क्लब के कलाकारों ने निभाई कलाकारों की भूमिका**

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर विक्रम चावली, हर्ष भ्याना, साहिल, जितेंद्र मुंडा, पुष्कर चावला, विजय कुमार, वेद चांदना, अशोक चावला, कर्ण सैनी, गोपी, गुलाब, राहुल तथा नोना ने बखूबी निभाए। इस अवसर पर नंबरदार कृष्ण भ्याना, डायरेक्टर मुनीष चराया,सुभाष चावला आदि मौजूद थे।

### सीता हरण और शबरी चरित्र का मंचन

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में चल रही रामलीला में कुमार लक्ष्मण द्वारा शूर्पणखा नासिक भंजन, सीता हरण, सम्पूर्ण माँ शबरी चरित्र प्रसंग पर मंचन हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पहुंचे, समाजसेवी पवन रावलवासिया, डॉ ललित एवं राजीव राजवंशी अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इसके अलावा डॉ. जी आर गुप्ता, मनोज बुड़ाकिया, विनोद गर्ग, डॉ कमल किशोर, सुरेश गुप्ता, धर्मपाल मित्तल, डॉ विशाल मोहन गोयल, राकेश सिंघल, मुकुल, विनोद जैन, देव कुमार गर्ग व प्रदीप सर्राफ विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक

- दयानंद ब्राह्म कॉलेज में विजयदशमी पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । हवन में उपस्थित आचार्य व अन्य अतिथिगण।

दयानंद ब्राह्म महाविद्यालय में विजयदशमी पर्व के अवसर पर वैदिक हवन व प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. प्रमोद आचार्य ने हवन संपन्न करवाते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आचार्य सत्यकाम आर्य ने वेद प्रवचन में विद्यार्थियों को बाहरी शत्रुओं के साथ आंतरिक शत्रुओं अहंकार, क्रोध और ईर्ष्या से मुक्त होकर सद्गुणों को अपनाने का संदेश दिया। सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि विजयदशमी पर्व केवल रावण-दहन तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमें अपने भीतर छिपी बुराइयों पर विजय पाने का संदेश सहित जीवन में धैर्य, साहस और सत्य का पालन करने की प्रेरणा देता है। अनीस आर्य व चंदन शास्त्री ने भी अपने विचार रखें। आचार्यों ने ब्रह्मचारीयों को यज्ञ वेदी पर वैदिक मंत्रोच्चारण किया।

### आरडीएम पब्लिक स्कूल में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**उकलाना ।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम बड़ी धूमधाम और उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यालय के लगभग सभी छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता पखवाड़ा मे बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। स्कूल में विशेष सभा का आयोजन किया। प्राचार्य ने स्वच्छता का महत्व समझाया और विद्यार्थियों को अपने घर, स्कूल व आस-पड़ोस को साफ-सुथरा रखने का संकल्प दिलाया। स्कूल में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर परिसर की सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया।

## नवरात्रि का त्योहार देवी दुर्गा जी के नौ रूपों की आराधना को समर्पित : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । शिवालय मन्दिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए।

बाबा प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में माता दुर्गा जी की अखंड ज्योत व भव्य भजन समारोह संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुआ। इसमें भारी संख्या में धर्म प्रेमियों में भाग लिया। प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिवालय मन्दिर ट्रस्ट में माता दुर्गा जी के नवरात्रि पर भव्य भजन समारोह व माता जी चौकी लगाई गई। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का त्योहार देवी दुर्गा जी के नौ रूपों की पूजा व आराधना के लिए समर्पित है।

**शिवालय मन्दिर ट्रस्ट में माता दुर्गा जी के नवरात्रि पर भव्य भजन समारोह व माता जी चौकी लगाई**

## स्वास्थ्य जांच शिविर में 512 लोगों के करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच



हांसी। स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेने वाले चिकित्सकों को पटका पहनाकर सम्मानित करते श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मितल व अन्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- सर्वोदय मल्टीस्पेशिलिटी व कैंसर अस्पताल ने किया आयोजन

श्री श्याम भवन में रविवार को सर्वोदय मल्टीस्पेशिलिटी एवं कैंसर अस्पताल की तरफ से तीसरे निःशुल्क मेगा हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विनोद भयाना ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रधान विनय जैन व गौरव जैन मौजूद रहे। श्री श्याम मित्र मंडल व श्याम भवन ट्रस्ट के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि शिविर में 512 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान बीपी, शुगर व अनेक बीमारियों की जांच की गई।

## गुरु दक्ष बहुतकनीकी में वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । कार्यक्रम में उपस्थित कंपनी के प्रतिनिधि एवं अन्य।

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में एक वेब डवलपमेंट पर वर्कशाप का आयोजन मैगा टैनो बोट प्राइवेट लिमिटेड ने किया। इस अवसर पर रश्मि तथा आरजू ने कम्प्यूटर फाइनल इयर के विद्यार्थियों को वेब डवलपमेंट पर एक वर्कशाप के माध्यम से छात्रों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि कैसे वे फोन अथवा अन्य ऑनलाइन माध्यमों से घर बैठे भी वेब डवलपमेंट पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, और किस प्रकार कई समस्याओं का समाधान ऑनलाइन प्रक्रिया से कर सकते हैं। कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्थान के प्राचार्य पारितोष पराशर के मार्गदर्शन एवं मैगा टैनो बोट प्राइवेट लिमिटेड की टीम के सहयोग से किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

*समापन सत्र में विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश बंसल ने टीम के चेयरमैन सुरेश कुमार एंव वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्थान के रवि सांगवान तथा सुनील सोनी उपस्थित रहे।*

## फ्री आयुर्वेदिक चिकित्सा कैंप में 100 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसारा



हिसार । मरीजों को जांच करते डॉ. संजय शर्मा।

राजपूत सभा में आदि आयुर्वेदम द्वारा रविवार को फ्री मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक मरीजों की वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की आयुर्वेदिक पद्धति से जांच की गई और उन्हें उपचार व परहेज सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी गई। कैम्प में डॉ. प्रीति शर्मा ने पीसीओडी, अनियमित पीरियड आना, खुन में कमी, कमजोरी आदि रोगों की जांच की। डॉ. संजय शर्मा ने सरवाईकल, एड़ी दर्द, कमर दर्द, बीपी, शुगर, अस्थमा, किडनी व लीवर के मरीजों की जांच की। डॉ. संजय द्वारा गर्दन दर्द, एड़ी दर्द, साइटिका व कमर दर्द के मरीजों को अग्रिकर्म पद्धति द्वारा तुरंत दर्द में निवारण भी किया गया। इस मौके पर राजपूत सभा के महासचिव भागेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह राठौर, अशोक राठौर, दीपू सिंह बन्ना, कमल कुमार, रवि, मनोज, संदीप, सुनील, सरिता व अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थें। भागेंद्र सिंह ने आए हुए डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. संजय शर्मा ने स्वस्थ रहने के दिए टिप्स**

## अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा पेशेवरों के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन

# आमजन को खुशी से जीने की राह दिखाएं चिकित्सक : इंद्रेश कुमार

**व्यक्ति अपनी व्यवसायिक सफलता से नहीं, बल्कि चरित्र से बनता है महान, चरित्रवान बनने की प्रेरणा लें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। डॉ. इन्द्रेश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक सावित्री जिंदल व डॉ. डीपी वत्स।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल के सदस्य और वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश कुमार ने कहा है कि कहा है कि चरित्र ही मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का चरित्र ही उसे महान बनाता है, न कि केवल उसकी व्यावसायिक सफलता। डॉ. इन्द्रेश कुमार जिले के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा के ओपी जिंदल सभागार में सत्र 2025 के नए विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के भावी चिकित्सकों, प्राध्यापकों और स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया और उन्हें नैतिक मूल्यों और उच्च चरित्र के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके बाद महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. इन्द्रेश कुमार ने चरित्र के महत्व को मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया और इस बात को समझाते हुए उन्होंने रावण और श्री राम का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि रावण भले ही अपने समय का महान ज्ञानी और पेशेवर था, लेकिन वह चरित्रवान नहीं था, इसलिए आज भी उसका पुतला जलाया जाता है। इसके विपरीत श्री राम ने जीवन भर मर्यादा और चरित्र का पालन किया, इसीलिए उन्हें आज भगवान के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने मेडिकल विद्यार्थियों से विशेष आग्रह किया कि वे केवल चिकित्सा विज्ञान तक ही सीमित न रहें, बल्कि जीवन के जटिल प्रश्नों को भी समझें। चिकित्सक होने के नाते उनका दायित्व केवल रोग का उपचार करना नहीं, बल्कि लोगों को खुशी से जीवन जीने और सही राह दिखाने में भी मदद करना है। उन्होंने अपने कॉलेज के संस्मरण भी साझा किए, जिससे श्रोताओं को काफी प्रेरणा मिली और वातावरण खुशनुमा हो गया।

**मेडिकल कॉलेज की उपलब्धियां बताई**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही हिसार की विधायक एवं महाराजा अग्रेसन मेडिकल कॉलेज की अध्यक्षा सावित्री जिंदल ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। विधायक जिंदल ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के गौरवशाली इतिहास और इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि यह संस्थान न केवल शिक्षा में, बल्कि सामाजिक मूल्यों के प्रचार में भी अग्रणी रहा है।

**विधायक सावित्री जिंदल ने किया सम्मान**

सावित्री जिंदल और पूर्व सांसद जनरल डॉ. डीपी वत्स ने डॉ. इंद्रेश कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पूर्व सांसद जनरल डॉ. डीपी वत्स, जगदीश मित्तल, चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. दीप्ति धर्मानी, डॉ. भूपेन्द्र धर्मानी, निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा और प्रशासनिक निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा शामिल थे

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री अनूप को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**उकलाना।** प्रदेश में 2605 नवनियुक्त पटवारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में पूर्व मंत्री मंत्री अनूप धानक को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि उनकी नियुक्ति अक्टूबर 2024 में की गई थी, जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत अभ्यर्थी पहले से ही विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गत 7 जनवरी को पंचकूला में आयोजित पटवारी सम्मेलन में घोषणा की थी कि पटवारियों का प्रशिक्षण 18 माह के बजाय 1 वर्ष में पूरा कराया जाएगा।

### किसानों के मुद्दों पर 4 को बरवाला में होगी बैठक

**नारनौंद।** भारतीय किसान यूनियन की नवनियुक्त कार्यकारिणी कि मीटिंग चार अक्टूबर को किसान रेस्ट हाउस बरवाला में आयोजित जाएगी। इस मीटिंग में जिले के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। जिला प्रधान सतेंद्र कोथ ने बताया कि मीटिंग का मुख्य उद्देश्य किसानों की धान, बाजरे व कपास कि फ़सल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का होगा। सरकार किसानों को पराली के भूसे की गांठ बनने की मशीन किसानों को उपलब्ध करवाई ताकि किसान पराली में आग न लगाएं।

### लाहौरिया स्कूल में रही डांडिया की धूम

**हिसार।** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में लाहौरिया स्कूल के प्रांगण में डांडिया उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर प्राइमरी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या कृष्णा सोढ़ी, डायरेक्टर विनय कुमार मल्होत्रा तथा सभी ब्लॉक के कोऑर्डिनेटर ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देना था छात्रों ने रंग बिरंगे परिधानों में गुजराती संगीत की धुन पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया।

### मेयर ने किया सेक्टर चार में पौधरोपण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने सेक्टर 4 व पार्ट 2 में सोमवार को पौधरोपण की शुरुआत की। इस दौरान पूर्व पार्षद जयप्रकाश, सेक्टर 1-4 प्रधान राजकुमार रेड्, महासचिव रामनिवास सोनी, उप-प्रधान मीना सैनी, कोषाध्यक्ष भूप सिंह, रोहतास शर्मा, राजाराम सांगवान, धर्मेंद्र, जगदीश किरमारा, सतीश, नेहरा, भूप सिंह सेवढ़ा, बलवंत पूनिया सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मेयर ने कहा कि बताया कि सेक्टर के आस-पास के क्षेत्र में संस्थाएं समय-समय पर पौधारोपण व स्वच्छता से सम्बन्धित कार्य निरंतर करती रहती है।

### एमटीपी किट सप्लायर किया गिरफ्तार

**हांसी।** जिला भर में प्रतिबंधित एमटीपी किट की बिक्री पर रोकथाम लगाते हुए सदर थाना पुलिस ने एमटीपी किट सप्लायर पुठ्ठी मंगल खां निवासी सुरेश व उमरा निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है। थाना सदर हांसी में तैनात एएसआई सुशील कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी संदीप ने कुछ दिनों पहले सुरेश को एमटीपी किट सप्लाई की थी। थाना सदर हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## जमीन-जायदाद से जुड़ी सभी सेवाएं पूरी तरह कागज रहित: गंगवा

# रजिस्ट्री व राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, डिमार्केशन पोर्टल, व्हाट्सअप चैटबॉट तथा राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का हुआ शुभारंभ


हिसार। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा है कि जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री और राजस्व से जुड़ी सभी सेवाओं को पूरी तरह कागज रहित, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। प्रदेश सरकार की इस डिजिटल पहल से लोगों को अपने कार्यों के लिए राजस्व विभाग तथा तहसीलों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सोमवार को राजस्व विभाग सहित विभिन्न योजनाओं के शुभारंभ अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। इस अवसर पर पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, डिमार्केशन पोर्टल, व्हाट्सअप चैटबॉट तथा राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल रूप से जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ भी जुड़े। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि आज से हरियाणा देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है, जहां पेपरलेस रजिस्ट्री और रियल-टाइम शिकायत निगरानी व्यवस्थाएं लागू हैं। पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली से पारदर्शिता, समयबद्धता सुनिश्चित होगी। डिमार्केशन पोर्टल से जी-रोवर नाम के रोबोटिक उपकरण से जमीनों की पैमाइश होगी। इसके माध्यम से एक हजार रुपये प्रति एकड़ की फीस लगेगी जो पहले 25 से 30 हजार रुपये लगती थी। इसके अतिरिक्त भू-मित्र व्हाट्सअप चैटबॉट के माध्यम से जमाबंदी की फर्द लेने के अतिरिक्त कोई भी सूचना प्राप्त करने, शिकायत दर्ज करने तथा अपॉइंटमेंट लेने की प्रक्रियाएं सरलता से की जा सकेंगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, उपायुक्त अनीश यादव, भूपेंद्र पनिहार, जितेंद्र पनिहार, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेद प्रकाश बेनीवाल, नगराधीश हरिराम, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भ्रष्टाचार पर लगेगी पूर्ण रूप से लगाम



**नारनौंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का शुभारंभ कर दिया हैं। राजस्व विभाग की चार नई डिजिटल प्रणाली से भ्रष्टाचार पर पूर्ण रूप से लगाम लग जाएगी। यह बात एसडीएम विकास यादव और मार्केट कमेटी के चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान ने कही। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से राजस्व विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए विभाग ने एक अनूठी पहल शुरू की है। अब लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए लाइनों में खड़े होने की कोई जरूरत नहीं है। उनके सभी काम कम समय में होंगे। विभाग की चार पहल सिर्फ तकनीकी बदलाव नहीं बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और नागरिक सुविधा के नए अध्याय की शुरुआत हैं।

# बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

- स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला व अनिल कुमार लाठर।

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला और अनिल कुमार लाठर ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें जिले में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के प्रावधानों की अनुपालना सुनिश्चित करने और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान जिन स्कूलों में बसों के निर्धारित मानकों की अनदेखी मिलती है उन पर करें कार्रवाई।

### बसों को भी किया जाएगा इंपाउंड

नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चालान करने के साथ-साथ बसों को इंपाउंड भी किया जाए। आयोग के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिले के प्रत्येक स्कूलों में जाकर औचक वाहन निरीक्षण कर अवैध बस-संचालकों, मॉडिफाइड स्कूल वाहनों आदि पर कड़ी कार्रवाई करें। ठेके पर चलने वाली बसों के उपर ऑन स्कूल ड्यूटी प्लेट तथा सभी बसों पर स्कूलों का नाम अंकित होना अनिवार्य है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की तरफ से नगराधीश हरिराम, डीएसपी तनुज शर्मा, महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी मंजू राणा, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण से हरविंद्र सहित शिक्षा विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिल की सुरक्षा ही जीवन की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. अविराज चौधरी व डॉ. आर. के. रावल।

- अब केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि 30–40 वर्ष की आयु वर्ग में भी बड़ी संख्या में मरीज सामने आ रहे

सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर हॉस्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अविराज चौधरी ने कहा कि आज की जीवनशैली बेहद असंतुलित हो चुकी है। देर रात तक जागना, नियमित व्यायाम न करना, धूम्रपान, नशे का सेवन, बाहर का अस्वस्थ खान-पान और तनाव – ये सभी आदतें हृदय पर गंभीर दुष्प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने बताया कि इन कारणों से कम उम्र में भी हार्ट अटैक और हृदय रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल की सुरक्षा ही जीवन की सुरक्षा है। डॉ. चौधरी विश्व हृदय दिवस के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर नॉन-इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आर. के. रावल ने भी पत्रकारों से सवालों के जवाब दिए।

### समय पर स्वास्थ्य जांच जरूरी

डॉ. चौधरी व डॉ. रावल ने कहा कि हृदय रोग अब केवल वृद्धावस्था तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि 30–40 वर्ष की आयु वर्ग में भी बड़ी संख्या में मरीज सामने आ रहे हैं। उन्होंने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा कि समय पर स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, योग और नियमित व्यायाम को जीवनशैली का हिस्सा बनाना बेहद आवश्यक है। विशेषज्ञों ने यह भी सलाह दी कि हमें समय रहते अपनी जांच करवानी चाहिए। यदि कभी गैस का दर्द या सीने में जलन महसूस हो तो उसे हल्के में न लें।

# अधिक से अधिक रक्तदान करें युवा, साथियों को भी करें प्रेरित : डॉ. आशा

- सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन, 103 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। डॉ. कमल गुप्ता व डॉ. आशा खेदड़ का स्वागत करते आयोजन व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत अर्बन मंडल में मंडल अध्यक्ष राहुल सैनी की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत विकास परिषद वीर शाखा, भाजपा अर्बन मंडल व द इंस्पायर इंडिया की ओर से आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा ही सर्वोच्च धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक रक्तदान करें तथा अपने अन्य साथियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक प्रधान धर्मबीर पानू ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान शिविर के माध्यम से 103 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया है। सेवा पखवाड़ा के तहत अर्बन मंडल में यह सातवां कार्यक्रम था।

# आयुर्वेद केवल चिकित्सा प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन

- ! लुवास में 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने कहा है कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा प्रणाली नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है, जो मनुष्य, पशु और पर्यावरण तीनों को संतुलित स्वास्थ्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है। वर्तमान समय में जब जीवनशैली संबंधी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, तब आयुर्वेद हमें स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए प्राकृतिक मार्ग सुझाता है। प्रो. विनोद कुमार वर्मा विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा औषधि एवं विष विज्ञान विभाग द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विस्तार शिक्षा संकाय के कॉन्फ्रेंस हॉल में 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष वक्ताओं के रूप में डॉ. सुधेश एस. गैधानी और डॉ. सिमरत पाल सिंह सैनी ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ. गैधानी ने आयुर्वेदिक सिद्धांतों एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा कार्यक्रम के अंत में कुलपति को अपनी लिखी हुई दो आयुर्वेद संबंधी पुस्तकों का स्मृति स्वरूप भेंट किया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, अन्य अधिकारी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, डॉ. विनायकांत, डॉ. विजेता तिवारी, डॉ. प्रीति बागड़ी, डॉ. गौरव गुप्ता एवं डॉ. अर्चना लोहिया सहित विश्वविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। डॉ. गौरव गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशेष वक्ताओं, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार जताया।

# प्रो. पीपी तनेजा बने आरसीपीटीएफ के सचिव

- रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स फेडरेशन की बैठक में मांगों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स फेडरेशन के सदस्य बैठक करते हुए।

रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स फेडरेशन (आरसीपीटीएफ), हिसार जोन की बैठक दयानंद पीजी कॉलेज में हुई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ. सुभाष शर्मा और फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष प्रो. दिले राम चौधरी ने संयुक्त रूप से की जबकि प्रो. सुनीता भार्गव ने संचालन किया। बैठक की शुरुआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ हुई। साथ ही, एचसीटीयू के पूर्व अध्यक्ष, स्वर्गीय प्रो. दलबीर खरब को श्रद्धांजलि दी गई।

### लंबित मांगों पर डाला प्रकाश

आरसीपीटीएफ हिसार जोन के अध्यक्ष डॉ. आरके कौशिक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद सर्वसम्मति से जोन के रिक्त पदों के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ, जिसमें डॉ. बीआर शर्मा को उपाध्यक्ष और प्रो. पीपी तनेजा को सचिव नियुक्त किया गया। फेडरेशन के महासचिव प्रो. पीआर त्यागी ने राज्य स्तरीय गतिविधियों की जानकारी दी और प्रमुख लंबित मांगों पर प्रकाश डाला। डॉ. सुभाष शर्मा ने शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर सेमिनार आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।


हिसार। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति की बैठक में उपस्थित समिति के सदस्य।

### 11 लाख ज्योतों से होगी छठी मैया की महाआरती

**हिसार।** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति की बैठक समिति के प्रधान विनोद साहनी की अध्यक्षता में जिंदल सरोवर, जिंदल पार्क मिल रोड में हुई। समिति के महासचिव आचार्य मुरलीधर पांडेय ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष 27 अक्तूबर को जिंदल पार्क, मिल रोड पर छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि 11 लाख ज्योतों से छठी मैया की महाआरती होगी। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि होंगी। मिश्र ने बताया कि इस बार सूर्य षष्ठि महायज्ञ का आयोजन काशी, अयोध्या व चित्रकूट के विद्वानों द्वारा करवाया जाएगा। बैठक में सहसचिव रविन्द्र सिंह, मुख्खलाल, मुख्तयार गिरी, हरीश चंद तिवारी, राजेश झा आदि ने अपने सुझाव दिए। सरोवर में पानी भरने, कलश आदि लाने, घाट सजाने का जिम्मा मुख्तयार गिरी को दिया गया। मंच सजाने की जिम्मेवारी हरीश चंद तिवारी को दी गई। पूजा-पाठ आदि का जिम्मेवारी कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र को दी गई। मंच संचालन का कार्य प्रधान विनोद साहनी व महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय करेंगे। पूजन सामग्री के साथ सभी कार्यों का निरीक्षण भी सहसचिव रविन्द्र सिंह करेंगे।

# भारत को जानो प्रतियोगिता में आनंद व अभिषेक रहा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


आनंद व अभिषेक।

भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से आयोजित जिला स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता में सेवा भारती छात्रावास लाडवा की टीम का भी बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसमें आनंद और अभिषेक ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। सेवा भारती के जिला सचिव अंबिका प्रसाद ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता करवाने से बच्चों को सशक्त मंच मिलता है। उन्हें आगे बढ़ने और सीखने का मौका मिलता है। सेवा भारती की ओर से भी समय-समय पर कई तरह की गतिविधियां करवाई जाती है ताकि बच्चों का हौसला बढ़े।

### आई फोन छीनने के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने एक महिला से आई फोन छीनने के मामले में शिव नगर निवासी आकाश उर्फ चिंटू को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि इस संबंध में फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी महिला रेणू ने स्कूटी सवार दो युवकों द्वारा सेतिया अस्पताल के पास 26 सितंबर को पर्स छीनने के बारे में शिकायत दी थी। पर्स में आई फोन और नकदी थी। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से आई फोन बरामद करके उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## महिला वर्ग में एसडी महिला महाविद्यालय हांसी की टीम ने मारी बाजी

# पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट महाविद्यालय की टीम जीती चैंपियनशिप

डीएन कॉलेज के तुषार व एसडी कॉलेज की अंजू ने जीती क्रॉस कंट्री रेस

खेल विभाग के सौजन्य से पुरूष व महिला इंटर कॉलेज कंट्री दौड़ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। महिला वर्ग की विजेता टीम को चैम्पियनशिप ट्रॉफी देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो :हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल विभाग के सौजन्य से पुरूष एवं महिला इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि अध्यक्षता खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल ने की। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में दयानंद महाविद्यालय, हिसार के तुषार ने पहला, सीआरएम जाट महाविद्यालय के कर्ण ने दूसरा तथा सुनील ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम चैम्पियनशिप सीआरएम जाट महाविद्यालय, हिसार ने जीती जबकि दयानंद महाविद्यालय, हिसार की टीम प्रथम रनर-अप रही। द्वितीय रनर-अप राजकीय महाविद्यालय, हांसी की टीम रही। महिला वर्ग की व्यक्तिगत श्रेणी में एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी की अंजू ने पहला, अंजलि पुत्री उदय सिंह ने दूसरा तथा अंजलि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम चैंपियनशिप एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी ने जीती।

### गुजवि विद्यार्थियों को खेलों के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध

इस अवसर पर कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि खेलों में भारत का गौरव लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत में हरियाणा और हरियाणा में हिसार खेलों का हब बन कर उभर रहा है। विद्यार्थियों को खेलों के लिए प्रेरित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है और विश्वविद्यालय ने खेलों को विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य किया है। प्रो. बिश्नोई ने कहा कि बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य एवं अच्छा खान-पान भारतीय परम्परा का प्राचीन काल से हिस्सा रहा है। भारत में प्राचीन काल में खेलों की गौरवशाली परंपरा थी। अब फिर से भारत खेलों का शिखर छूने लगा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रतियोगिता के संयोजक विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा, सहायक खेल निदेशक डा. मृणालिनी नेहरा, कोच गंगादत्त, ओपी भादू, सुरेश कुमार, मनजीत, विकास व बिमला देवी उपस्थित रहे।